---------------------------------------------------

## कौन बनेगा पास विद् ऑनर प्रश्नोत्तरी

## भाग - (21) खण्ड -{41}

---------------------------------------------------

समग्र मुरलियों पर आधारित अधोलिखित प्रश्नों के सबसे उपयुक्त एक ही उत्तर का चयन करें.........

*प्रश्न 1*- कौन सा कान्ट्रैक्ट (ठेका) एक बाप के सिवाए दूसरा कोई नहीं उठा सकता है ?

A- सवेरे सवेरे उठाने का

B- परमधाम ले जाने का

C- पावन दुनिया बनाने का

D- राजयोग सिखाने का

*प्रश्न 2*- बाबा जास्ती मान किनका रखता है ?

A- कुमारियों का

B- कुमारों का

C- बुढियाओं का

D- संन्यासियों का

*प्रश्न 3*- संगमयुग पर जब बाप आते हैं तो उनके आने से ही कौन सा इशारा मिल जाता है ?

A- नई दुनिया आने का

B- महाभारत लड़ाई का

C- गीता ज्ञान का

D- पुरानी दुनिया के अन्त होने का

*प्रश्न 4*- मीरा की महिमा क्यों है ?

A- मीरा कृष्ण से डांस करती थी।

B- मीरा पावन थी।

C- कृष्ण का साक्षात्कार होता था।

D- उपरोक्त सभी

*प्रश्न 5*- शान्ति धाम में आत्मा शांत रहती हैं। क्यों ?

A- क्योंकि वहाँ शान्ति ही शान्ति है।

B- क्योंकि शान्ति के सागर के पास रहती हैं।

C- आत्मा अपने निजी स्वरूप में स्थित रहती है।

D- क्योंकि वहाँ शरीर नहीं है।

*प्रश्न 6*- शिवबाबा है आत्माओं का बाप और ब्रह्मा को इनमें से क्या नहीं कहा जाता है ?

A- आदि देव

B- एडम

C- दादा

D- पण्डा

*प्रश्न 7*- सबसे ऊंची बड़ी लम्बी कहानी कौन सी है, जो तुम बच्चों के लिए कॉमन है ?

A- 84 जन्मों की कहानी

B- सीढ़ी उतरने और चढ़ने की कहानी

C- डामा के आदि-मध्य-अन्त की कहानी

D- सृष्टि चक्र की कहानी

*प्रश्न 8*- कौनसा धर्म प्रायः लोप हो जाता है ?

A- हिन्दू धर्म

B- बौद्ध धर्म

C- क्रिस्चियन धर्म

D- आदि सनातन देवी-देवता धर्म

*प्रश्न 9*- बाबा का कौनसे चित्र पर सारी रात विचार चल रहा था ?

A- सृष्टि चक्र

B- सीढ़ी

C- त्रिमूर्ति

D- झाड़

*प्रश्न 10*- ...................अपने को हिन्दू कहलाते रहते हैं ?

A- भारतवासी होने के कारण

B- देवी देवता धर्म भूल जाने के कारण

C- पूज्य से पुजारी बनने के कारण

D- विकारी बनने के कारण

*प्रश्न 11*- सीढ़ी के राज़ को कोई समझ जाएं तो ..........

A- दिन रात सर्विस करने लग जाये

B- नशा चढ़ जाए

C- खुशी का पारा चढ़ जाये

D- कारून का खजाना मिल जाये

*प्रश्न 12*- सतयुग का नाम इनमें से कौनसा नहीं ?

A- शिवालय

B- कृष्णपुरी

C- कृष्णालय

D- सभी सही हैं।

*प्रश्न 13*- इनमें से कौन सा सही है ?

A- सतयुग में है एक बाप

B- भक्ति मार्ग में दो बाप

C- संगम पर हैं तीन बाप

D- उपरोक्त सभी

*प्रश्न 14*-सतयुग में तुमको रोने की दरकार नहीं रहती क्यों ?

A- वहाँ आत्म अभिमानी होते हैं।

B- वहाँ शरीर को याद नहीं करते।

C- वहाँ मोहजीत होते हैं।

D- वहाँ अथाह खुशी रहती है।

*प्रश्न 15*- सच्चे बाप के साथ सच्चे बनो, अगर सच नहीं बतलाते हो तो........

A- सौ गुना दंड मिलेगा

B- पाप वृद्धि को पाते जाते हैं।

C- रसातल में चले जायेंगे

D- माया का परछाया पड़ जायेगा

*प्रश्न 16*- इनमें से कौनसा सही है ?

A- घर को याद करने से विकर्म विनाश नहीं होंगे।

B- सबका बाप शिव ही है, वर्सा भी उनसे मिलता है। ब्रह्मा से कुछ मिलता नहीं है।

C- जब भक्ति पूरी हो जाती है तो सारी दुनिया से वैराग्य हो जाता है।

D- उपरोक्त सभी

------------------------------------------------------------

भाग (21) खण्ड {41} के उत्तर स्पष्टीकरण सहित

------------------------------------------------------------

*उत्तर 1 - C पावन दुनिया बनाने का*

*पावन दुनिया बनाने का कान्ट्रैक्ट एक बाप का है।* यह कान्ट्रैक्ट दूसरा कोई उठा नहीं सकता। संन्यासी पावन बनकर इस दुनिया को थमाते अवश्य हैं लेकिन वह पावन दुनिया बनाने का कान्ट्रैक्ट नहीं उठाते।

*उत्तर 2 - A कुमारियों का*

यहाँ मुख्य सब्जेक्ट है याद की। नॉलेज तो सहज है। बच्चे भी समझा सकते हैं। छोटेपन में बुद्धि तीखी होती है - धारणा करने की। बुढ़िया इतना नहीं समझा सकती हैं। *यहाँ भी कुमारियों का बाबा जास्ती मान रखता है।*

*उत्तर 3 - D पुरानी दुनिया के अन्त होने का*

*इस पुरानी दुनिया के अन्त होने का इशारा* सबको मिल जाता है क्योंकि बाप आते ही हैं पतित सृष्टि का अन्त करने, इसलिए विनाश का साक्षात्कार भी होता है।

*उत्तर 4 - D उपरोक्त सभी*

*मीरा कृष्ण से डांस करती थी*, बहुत नामीग्रामी है। शिरोमणी भक्तों में गाई जाती है। कृष्ण को याद करती थी तो झट उनको *साक्षात्कार* होता था। कृष्ण से प्रीत थी। *साक्षात्कार में देखती थी*, इसलिए *पवित्र* रहना चाहती थी। जानते हैं वहाँ विकार तो होता नहीं। कृष्ण से प्रीत लगी तो *पवित्र* जरूर बनना पड़े। पतित तो कृष्ण के साथ मिल न सकें। *मीरा पावन रही* इसलिए उनकी महिमा है।

*उत्तर 5 - D क्योंकि वहाँ शरीर नहीं है।*

संन्यासी आदि भी कहते हैं स्थाई शान्ति कैसे मिले? अब शान्तिधाम तो है मूलवतन। जहाँ से फिर आत्मायें पार्ट बजाने आती हैं। वहाँ सिर्फ आत्माएं हैं, शरीर नहीं हैं। *आत्मायें नंगी अर्थात् शरीर बिगर रहती हैं*।

*उत्तर 6- D पण्डा*

बच्चे चिट्ठी लिखते हैं तो एड्रेस लिखते हैं - शिवबाबा केअरआफ ब्रह्मा बाबा। शिवबाबा है आत्माओं का बाप और ब्रह्मा को कहा जाता है *आदि देव, एडम, दादा।*

*उत्तर 7 - C ड्रामा के आदि-मध्य-अन्त की कहानी*

*इस ड्रामा के आदि-मध्य-अन्त की कहानी बड़ी लम्बी और ऊंची है।* इस कहानी को मनुष्य नहीं समझ सकते। तुम बच्चों के लिए यह कहानी बहुत कॉमन है। तुम जानते हो -

यह ड्रामा कैसे हूबहू रिपीट होता है, यह सीढ़ी कैसे फिरती रहती है।

*उत्तर 8 - D आदि सनातन देवी देवता धर्म*

तुम तो जानते हो कैसे *आदि सनातन देवी-देवता धर्म प्राय:लोप हो जाता है।* अभी वह फाउन्डेशन है नहीं। बाकी सारा झाड़ खड़ा है। सभी धर्म हैं, बाकी एक धर्म नहीं है। बड़ का झाड़ भी देखो कैसे खड़ा है। थुर है नहीं

*उत्तर 9 - B सीढ़ी*

*बाबा का सीढ़ी के चित्र पर सारी रात विचार चल रहा था* क्योंकि यह है सबसे अच्छे ते अच्छा चित्र समझाने का और है भी भारतवासियों के लिए। शिवबाबा तो ज्ञान का सागर है, यह बाबा भी ज्ञान की उछालें देते रहते हैं, इसको कहा जाता है विचार सागर मंथन।

*उत्तर 10 - D विकारी बनने के कारण*

सतयुग त्रेता में सम्पूर्ण निर्विकारी, पूज्य थे फिर विकारी पुजारी बने। *विकारी बनने के कारण ही अपने को हिन्दू कहलाते रहते हैं।* और कोई ने अपना नाम नहीं बदला है। हिन्दुओं ने ही बदला है।

*उत्तर 11- C खुशी का पारा चढ़ जाये*

जिनको सर्विस का शौक है वह तो दिन रात सर्विस करते हैं। *सीढ़ी के राज़ को कोई समझ जाएं तो खुशी का पारा चढ़ जाये।* बाबा ज्ञान का सागर है, हम बच्चे नदियां हैं तो वह शो दिखाना है। दिन-प्रतिदिन वृद्धि होती जायेगी।

*उत्तर 12 - D सभी सही हैं*

यह है वेश्यालय। *सतयुग है शिवालय, उनकी स्थापना शिवबाबा करते हैं। उनको कृष्णपुरी भी कहते हैं अर्थात् कृष्णालय कहें*... परन्तु स्थापना तो शिवबाबा करते हैं ना।

*उत्तर 13 - D उपरोक्त सभी*

तुम जानते हो वह हमारा बेहद का बाप है। बेहद के बाप, रचयिता को रचना याद करती है। बाबा ने समझाया है - *सतयुग में है एक बाप। फिर होते हैं दो बाप। लौकिक और पारलौकिक। तुमको हैं तीन बाप। लौकिक, पारलौकिक, अलौकिक।*

*उत्तर 14- C वहाँ मोहजीत रहते हैं।*

एक शरीर से आत्मा निकल जाकर दूसरा शरीर लेती है, तुमको रोने की दरकार नहीं है। मनुष्य शरीर को याद करने से रोते हैं। *तुमको रोने की दरकार नहीं। सतयुग में कभी रोते नहीं। वहाँ हैं ही मोहजीत।*

*उत्तर 15 - B पाप वृद्धि को पाते जाते हैं।*

मीठे बच्चे - *सच्चे बाप के साथ सच्चे बनो, अगर सच नहीं बतलाते हो तो पाप वृद्धि को पाते जाते हैं।"*

*उत्तर 16 - D उपरोक्त सभी*

ब्रह्म को याद नहीं करना है, *घर को याद करने से विकर्म विनाश नहीं होंगे,सबका बाप शिव ही है, वर्सा भी उनसे मिलता है। यह है थ्रू। ब्रह्मा से कुछ मिलता नहीं है।* उनकी महिमा क्या है? महिमा सारी एक शिव की है। हम हैं प्रवृत्ति मार्ग वाले। हमारा है बेहद का संन्यास। *जब भक्ति पूरी हो जाती है तो सारी दुनिया से वैराग्य हो जाता है* और भक्ति से भी वैराग्य हो जाता है।।

-----------------------------------------------

कौन बनेगा पास विद् ऑनर प्रश्नोत्तरी

भाग - (21) खण्ड -{42}

-----------------------------------------------

समग्र मुरलियों पर आधारित अधोलिखित प्रश्नों के सबसे उपयुक्त एक ही उत्तर का चयन करें.........

प्रश्न1- बी. के. आश्रम क्या है ?

A-7 रोज की भट्टी

B- पवित्रता का फाउंडेशन

C- क्वारनटाइन क्लास

D- ज्ञान- योग का केंद्र

प्रश्न 2- यहाँ कर्म विकर्म क्यों होते है ?

A- क्योंकि यह कलियुग है।

B- क्योंकि यह गोबर की दुनिया है।

C- क्योंकि यह रावण राज्य है।

D- क्योंकि यह विकारी दुनिया है।

प्रश्न 3 - कौनसा ख्याल कभी नहीं आना चाहिए?

A- हम बहुत ऊंच हैं।

B- सिर्फ हम ही भगवान की सन्तान है।

C- पढ़ाई में अलबेलापन

D- हम बाबा को देते है।

प्रश्न 4 - पढ़ाई पूरी कब होगी ?

A- जब कर्मातीत बन जायेंगे

B- जब नष्टोमोहा बन जायेंगे

C- जब बाप समान बन जायेंगे

D- जब नम्बरवन में आयेंगे

प्रश्न 5- सज्जे किसे कहा जाता है ?

A- जो आदि - मध्य- अन्त को नहीं जानते

B- जो रचना और रचता को जान गये

C- जिनको राज्य- भाग्य मिला

D- जिन्होंने शिवालय की स्थापना की

प्रश्न 6-  तुम बच्चों ने देहभान को भुलाया, इसका यादगार शास्त्रों में किस रूप में है ?

A- ममत्व छोड़ना

B- अशरीरी बनना

C- योगबल

D- पाण्डव पहाडों पर गल गये

प्रश्न 7- कांटा लगाना किसे कहा जाता है ?

A- काम कटारी चलाना

B- क्रोध करना

C- अहंकार करना

D- मोह के वशीभूत होना

प्रश्न 8- पहला वायदा कौन सा है ?

A- निरन्तर याद में रहना

B- मन, वचन, कर्म से पवित्र बनना

C- बाप पर बलिहार जाना

D- और संग तोड़ एक संग जोड़

प्रश्न 9- बाप को जानकर दिल से क्या कहना भी सबसे बड़ी विशेषता है ?

A- मेरा बाबा

B- शिवबाबा

C- मीठा बाबा

D- बाबा

प्रश्न 10- सभी की आत्मा कहती है - मैं तकदीर बनाकर आयी हूँ, कौन सी तकदीर ?

A- विश्व का मालिक बनने की

B- नई दुनिया में जाने की

C- बाप से सम्मुख पढ़ने की

D- भगवान को पाने की

प्रश्न 11- इनमे से कौनसा सही नहीं है ?

A- ससुर घर विष्णुपुरी

B- पियर घर - शांति धाम

C- अलौकिक पियर घर - मधुबन

D- उपरोक्त सभी सही हैं

प्रश्न 12- मुख से क्या नहीं कहना है ?

A- ओ गाड फादर

B- है भगवान

C- हे शिवबाबा

D- हाय राम

प्रश्न 13- जब तक सम्पूर्ण बन जायें फिर यह शरीर भी नहीं रहेगा। तब तक कुछ न कुछ होता रहेगा, इसको क्या कहते हैं ?

A- कर्मातीत अवस्था

B- कर्मभोग

C- कर्म बन्धन

D- पापों का बोझा

प्रश्न 14- आत्मा जानती है कि यह हमारा बाबा है। तुमको अन्दर गुप्त याद करना है, इसको क्या कहा जाता है ?

A- माला फेरना

B- अजपाजाप

C- अजपा याद

D- मनमनाभव

प्रश्न 15- बैकुण्ठ का मॉडल कहाँ बनाया हुआ है ?

A- अलवर

B- अजमेर

C- उदयपुर

D- जयपुर

प्रश्न 16- इनमे से कौन सा सही नही है ?

A- यूरोपवासी यादव

B- यूरोपवासी कौरव

C- भारतवासी यादव

D- B और C

-----------------------------------------------------

भाग (21) खण्ड {42} के उत्तर स्पष्टीकरण सहित

-----------------------------------------------------

*उत्तर 1- C क्वारंटाइन क्लास*

*यह बीके का जो आश्रम है यह क्वारंटाईन क्लास या सात रोज क्लास करना है* ताकी पाच विकार निकल जाये। देवताओ मे यह पाच विकार होते नही। अब यहां पाच विकारों का दान देना है तब ग्रहण छुटेगा। दे दान तो छुटे ग्रहण।

*उत्तर 2- क्योंकि यह रावण राज्य है।*

तुमको बाप कर्म अकर्म विकर्म की गती बैठ समझाते है। *यहा जो कर्म करेंगे सो विकर्म ही होगा क्योंकि रावण राज्य है* सतयुग मे कर्म अकर्म हो जाता है। हम तुमको अभी उस दुनिया मे ट्रान्सफर करते है जहा तुमसे विकर्म होगा ही नही।

*उत्तर 3- D हम बाबा को देते हैं*

ऐसे कोई मत समझे हम शिवबाबा को पाच रुपया देते है परंतु शिवबाबा से 5 पद्म स्वर्ग मे लेते है। तो क्या यह देना हुआ। *अगर समझते है की हम देते है यह तो शिवबाबा की बडी इन्सल्ट कर रहे है।* बाप तुमको कितना उंच बनाते। तुम पाच रुपये शिवबाबा के खजाने मे देते हो बाबा तुमको पाच करोड देते है। कौडी से हिरे जैसा बनाते है। *ऐसा कब संशय नही लाना की हमने शिवबाबा को दिया।*

*उत्तर 4 -A जब कर्मातीत बन जायेंगे।*

बाबा कहते है बहुत गुह्य -गुह्य रमणिक बाते सुनाते है, जिससे तुम झट निश्चयबुद्धि हो जाओ। जहां तक मेरा पार्ट है तुमको पढाता रहूंगा। यह भी ड्रामा मे नुन्ध है। *जब कर्मातील अवस्था को पायेंगे तब पढाई पुरी होगी* बच्चे भी समझ जायेंगे। पिछाडी मे इम्तिहान की रिझल्ट मालूम होती है ना। *इस पढाई में नंबर वन सब्जेक्ट है पवित्रता की।*

उत्तर 5-*B. जो रचता और रचना को जान गये हैं।*

अभी तुम संगम पर हो। एक तरफ हैं पाण्डव और दूसरे तरफ हैं कौरव। अंधा उनको कहा जाता है जो रचयिता और रचना के आदि-मध्य-अन्त को नहीं जानते हैं। *सज्जे उनको कहा जाता है जो बाप द्वारा रचता और रचना को जान गये हैं।*

उत्तर 6- *D पाण्डव पहाड़ों पर गल गये*

दिखाते हैं पाण्डव पहाड़ों पर गल गये। परन्तु उनको क्या पड़ी थी जो पहाड़ों पर बर्फ में जाकर शरीर छोड़ेंगे। लाँ कहता है हिमालय के पहाड़ों पर कोई शरीर नहीं छोड़ते। बाकी तुम योगबल से शरीर छोड़ देते हो। देह-भान को भूल अशरीरी बनने की प्रैक्टिस करते हो।

उत्तर 7- *A. कामकटारी चलाना*

पतित आत्मायें सब हिसाब-किताब चुक्तू कर घर चली जायेंगी। बाकी थोड़े बचेंगे। पवित्र आत्मायें आती जायेंगी। अभी तो सब हैं काँटे। काम कटारी चलाना, यह काँटा लगाना है।

उत्तर 8- *D और संग तोड़ एक संग जोड़* सम्पूर्ण वफादार उन्हें कहा जाता है जिनके संकल्प वा स्वप्न में भी सिवाए बाप के और बाप के कर्तव्य वा बाप की महिमा के, बाप के ज्ञान के और कुछ भी दिखाई न दे। एक बाप दूसरा न कोई... बुद्धि की लगन सदा एक संग रहे तो अनेक संग का रंग लग नहीं सकता *इसलिए पहला वायदा है और संग तोड़ एक

संग जोड़* - इस वायदे को निभाना अर्थात् सम्पूर्ण वफादार बनना।

उत्तर 9- *D बाबा*

*तुम जानते हो कि बेहद का बाप भारत में आता है।* शिव जयन्ती भी मनाते हैं। भारत को आकर स्वर्ग बनाते हैं। अब स्मृति आई है कि हम स्वर्गवासी 84 जन्म भोग नर्कवासी बने हैं। *फिर बाबा आया हुआ है स्वर्गवासी बनाने।* अब बाप कहते हैं मुझे याद करो तो तुम्हारी आत्मा तमोप्रधान से सतोप्रधान बनेगी।

उत्तर 10-*B नई दुनिया में जाने की तकदीर*

यह किसने कहा - तकदीर जगाकर आई हूँ? आत्मा ने। *सभी की आत्मा कहती है - मैं तकदीर बनाकर आयी हूँ, कौन सी तकदीर? नई दुनिया में जाने की तकदीर।* नई दुनिया है स्वर्ग। यह पुरानी दुनिया है नर्क। तो यह सब आत्मायें कहती हैं।

उत्तर 11- D उपरोक्त सभी सही है*

गुप्त बात है - अपने को आत्मा समझ बाप को याद करना। वह शिवबाबा यह प्रजापिता ब्रह्मा। तुमको डबल इंजन मिलती है, श्रृंगारने लिए। इनकी आत्मा भी श्रृंगार रही है। *फिर सब चलेंगे पियर घर। वहाँ से फिर ससुरघर विष्णुपुरी में आयेंगे। यह है डबल पियर घर अलौकिक, वो लौकिक वह पारलौकिक।*

उत्तर 12 *C हे शिवबाबा*

*मुख से “हे शिवबाबा" भी नहीं कहना है।* आवाज़ से परे जाना है। अपने को आत्मा समझ अन्दर में बाप को याद करना है।

उत्तर 13- *B कर्मभोग*

(खाँसी आई) यह किसको होती है ? शिवबाबा को या ब्रह्मा बाबा को? (ब्रह्मा को) यह कर्मभोग है। अन्त तक

होता रहेगा। *जब तक सम्पूर्ण बन जायें फिर यह शरीर भी नहीं रहेगा।* तब तक कुछ न कुछ होता रहेगा, इसको कर्मभोग कहा जाता है। *सतयुग में कर्मभोग होता नहीं। कोई बीमारी आदि होती नहीं।* हम एवरहेल्दी-एवरवेल्दी बनते हैं।

उत्तर 14- *C अजपा याद*

*तुमको आवाज से परे जाना है।* बच्चे को अन्दर में बाप याद रहता है। आत्मा जानती है कि यह हमारा बाबा है। तुमको अन्दर गुप्त याद करना है, *इसको अजपा याद कहा जाता है। जाप नहीं करना है।* माला अन्दर फेरो या बाहर फेरो। बात एक ही है।

उत्तर 15- *B अजमेर*

वास्तव में तुम इस समय रावण पर जीत पाते और गोल्डन एज के मालिक बनते हो। *अजमेर में बैकुण्ठ का मॉडल बनाया है।* अब तुम जानते हो बाबा आया है बच्चों

को फिर से स्वर्ग का मालिक बनाने। हीरे जवाहरों के महलों में हम राज्य करेंगे।

उत्तर 16- *D (B और C)*

वह लोग जो प्लैन बना रहे हैं, वह भी ड्रामा में नूँध है। *यूरोपवासी यादव, भारतवासी कौरव और पाण्डव।* वह सब एक तरफ, इस तरफ दो भाई-भाई हैं। भारत में भाई-भाई हैं। जो अभी कलियुग में भाई-भाई हैं तुम अब निकल आये हो संगम पर। *कौरव और पाण्डव एक ही घर के थे।* आत्मा असुल में भाई-भाई है।

---------------------------------------------------